दिनांक 08.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

रिसाली जोन 6 कार्यालय के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में लगभग 13 करोड़ के विकास कार्य का भूमि पूजन माननीय मंत्री जी द्वारा किया गया

भिलाईनगर/ श्रम का कार्य चाहे छोटा हो या बड़ा श्रम का सदैव सम्मान होना चाहिए। छ 0ग0 सरकार ने प्रदेश के श्रमिको को पहचान कर उन्हे समाज में उचित स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया है श्रमिक अपनी गंभीर बिमारी के ईलाज के लिए खेत और मकान बेचा करते थे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् श्रमिक अब प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के बड़े से बड़े अस्पतालों में अपना ईलाज करवा सकतें हैं।
उक्त उद्गार छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शासकीय स्कुल रिसाली में आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किया। उन्होने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने सौभाग्य योजना के तहत् सभी के स्वास्थ्य लाभ के लिए स्मार्ट कार्ड बनाकर अमीर और गरीब का फर्क मिटा दिया है। स्मार्ट कार्ड इ समंच पर बैठक मंत्री का भी बनेगा और उस मजदुर का भी बनेगा जो मकान निर्माण में कुली और रेजा का कार्य कर रहें हैं। मंत्री ने कहा कि छ 0ग0 सरकार ने श्रमिको को उचित सम्मान देने के लिए बोर्ड का गठन कर आज उन पंजीकृत श्रमिकों को सायकल , सिलाई मशीन, ई-रिक्शा, टूल कीट, उज्जवला गैस, राशन कार्ड, प्रदान कर रही है।

जन सम्पर्क विभाग